>

Title: Regarding remedial measures for protection of crops damaged by wild animals in Uttarakhand -laid.

**श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल):** मैं माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री जी का ध्यान उत्तराखण्ड में वन्य जीवों द्वारा हो रहे नुकसान से संबंधित विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

उत्तराखण्ड प्रदेश के पर्वतीय जिलों में जंगली जानवरों सुअर, भालू, बन्दर आदि द्वारा बागवानी एवं कृषि उपज को जो नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिसके कारण वहां का लघु सीमांत किसान कृषि कार्य छोड़कर अन्य रोजगार की तरफ जाने के लिए मजबूरन क्षेत्र से पलायन कर रहा है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में कृषि एवं बागवानी को वन्य जीवों, विशेष कर बन्दरों से जो नुकसान हो रहा है इसे रोकने के लिए कोई नीति एवं योजना बना कर इस समस्या से निजात दिलाएं ।